दिन–सोमवार दिनांक– 28 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. एनडीए गठबंधन के पाँच दलों की बैठक आज पटना में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर स्तर पर एकजुटता पर दिया जोर।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये राष्ट्रीय रोजगार मेला के तहत इक्यावन हजार से अधिक नव नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. छठ पर्व को लेकर यात्रियों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए दानापुर रेल मंडल ने पटना, राजेन्द्रनगर सहित कई स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया।

04. और, चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जाँच की गई। कुल चौवालीस नामांकन पत्र वैध पाए गए।

————————————————————————

एनडीए समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज पटना में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर आयोजित बैठक में दो हजार पचीस के विधान सभा चुनाव को लेकर एनडीए घटक दलों के बीच विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में विधान सभा चुनाव में एनडीए के दो सौ बीस सीटों पर विजय के लक्ष्य को लेकर रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही जिला स्तर पर एनडीए समन्वय समिति के गठन का निर्णय लिया गया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन समेत भाजपा, जदयू, लोजपा रामविलास और हम के सांसद, विधायक और विधान पार्षद समेत कई वरिष्ठ नेता बैठक में मौजूद थे।

————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि समन्वय समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। श्री जायसवाल ने कहा कि मुख्य रूप से एनडीए घटक दलों के बीच आपसी समन्वय और दो हजार पचीस विधान सभा चुनाव के लक्ष्य पर चर्चा हुई है।

———बाईट———

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि एनडीए के घटक दलों के बीच एकजुटता स्थापित है। श्री कुशवाहा ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव के बाद प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनाएंगे।

———बाईट———

लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि बैठक में बूथ स्तर तक एनडीए घटक दलों के बीच तालमेल बढ़ाने का फैसला किया गया।

———बाईट———

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता संबित पात्रा ने कहा कि प्रदेश में पार्टी का सदस्यता अभियान जोर–शोर से चल रहा है। अब तक इस अभियान के तहत तैंतालीस लाख नए सदस्य बन चुके है। श्री पात्रा आज पटना में भाजपा के सांगठनिक चुनाव को लेकर एक कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंस के जरिये 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे। रोजगार मेला देशभर में 40 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने के प्रति प्रधानमंत्री की वचनबद्धता का दर्शाता है। यह मेला राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए रोजगार के अवसरों के साथ युवाओं को सशक्त बनायेगा। नवनियुक्त युवाओं को आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के जरिये बुनियादी प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा।

———————————————————————

छठ पर्व और दिवाली को लेकर रेलवे स्टेशन और प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर दानापुर रेल मंडल ने भीड़ प्रबंधन को लेकर कई

उपायों की घोषणा की है। आठ से दस नवंबर तक पटना और राजेन्द्रनगर टर्मिनल पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। दानापुर रेल मंडल के प्रबंधक जयंत चौधरी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए पटना जंक्शन पर तीन, दानापुर जंक्शन पर दो और राजेन्द्रनगर टर्मिनल पर एक होल्डिंग जोन बनाया जायेगा।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रदेश में छठ घाटों को तैयार करने का कार्य जोर–शोर से चल रहा है। जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम विभिन्न घाटों पर साफ–सफाई और सुरक्षात्मक उपायों में लगी है। इधर, पटना में जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने आज विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और कर्मियों को समय पर सभी कार्य सुचारू रूप से पूरा करने का निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि तैयारी बेहतर ढंग से हो रही है। उन्होंने कहा कि छठ घाटों के संपर्क मार्गों और पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित किया जा रहा है।

———बाईट———

————————————————————————————

जानी मानी लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत स्थिर बनी हुई है। उनका इलाज नई दिल्ली स्थित एम्स के आईसीयू में चल रहा है। इधर, शारदा सिन्हा के प्रशंसक उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमन से बातचीत कर लोक गायिका के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नई दिल्ली में बिहार के रेजिडेंट कमीशनर से भी बातचीत की और शारदा सिन्हा  के बेहतर इलाज के लिए समुचित व्यवस्था की जाने के निर्देश दिए।

————————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशियों द्वारा भरे गए पचास में से चौवालीस नामांकन पत्र वैध पाए गए है। आज नामांकन पत्रों की जांच में गया जिले के इमामगंज में दस में से नौ नामांकन पत्र वैध पाए गए। वहीं, बेलागंज में सत्रह में से चौदह नामांकन पत्र सही पाए गए है। जबकी

भोजपुर जिले की तरारी विधान सभा क्षेत्र से सभी चौदह नामांकन पत्र सही पाए गए। हमारे कैमूर संवाददाता ने बताया कि रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र से सात नामांकन पत्र सही पाए गए है।

———बाईट———

तीस अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग प्रदेश में उनतीस अक्टूबर से अट्ठाईस नवंबर तक संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाएगा। इस अभियान के तहत दो नवंबर, तीन नवंबर, तेईस नवंबर और चौबीस नवंबर को विशेष शिविर लगाए जायेंगे। पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभिन्न जिलों में बैठक आयोजित कर कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। सारण जिला मुख्यालय छपरा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

———————————————————————

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने किसानों को आश्वसन दिया है कि सरकार चावल मिल मालिकों से सभी उपज खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज नई दिल्ली में  भारतीय खाद्य निगम शिकायत निवारण प्रणाली के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। श्री जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा शिकायत निवारण तंत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजीकरण से लेकर समाधान खोजने तक का पूरा निवारण ऑनलाइन होगा। श्री जोशी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि मिल मालिकों की सभी शिकायतों का निपटारा पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

———————————————————————

केन्द्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद ने कहा है कि बाढ़ नियंत्रण के लिए लखनदेई, मोहिनी और कदाने नदी जोड़ परियोजना पर काम आगे

बढ़ाया जायेगा। उन्होंने मुजफ्फरपुर में कहा कि छोटी–छोटी नदियों को नया जीवन देने के लिए सिल्ट प्रबंधन और चेक डैम बनाने पर काम होगा।

———————————————————————

युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के दो लाख 37 हजार से अधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 20वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान आज नई दिल्ली में इस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का उद्देश्य सामुदायिक स्वयंसेवकों को आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित करना है।

———————————————————————

पूर्णियां से लोकसभा सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। श्री यादव ने केन्द्रीय गृहमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि उन्हें लॉरेंस विश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिल रही है। इसलिए उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जाए। गौरतलब है कि श्री यादव को फिलहाल वाई श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है।

———————————————————————

राजगीर में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता के सिलसिले में प्रदेश के विभिन्न भागों में निकाली जा रही ट्रॉफी गौरव यात्रा आज सहरसा पहुंची। जिलाधिकारी वैभव चौधरी, पुलिस अधीक्षक हिमांशु समेत अन्य अधिकारियों ने यात्रा का स्वागत किया। वहीं, दरभंगा जिले में गौरव यात्रा के पहुंचने पर जिलाधिकारी राजीव रौशन और अन्य अधिकारियों ने टीम के सदस्यों को अभिनंदन किया।

———————————————————————

चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव आज भी प्रदेश के कुछ भागों में दिख रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व के

कई स्थानों पर हल्की वर्षा हुई है। गया के डोभी में सबसे अधिक अठारह दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इधर, पटना और आसपास के इलाकों में बादल छाये हुए हैं। कुछ स्थानों पर हल्की बुंदाबांदी हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों के दौरान राज्य के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नही है।

———————————————————————

बेगूसराय की टीम ने राज्य स्तरीय विद्यालय अंडर सेवेंटीन ताईक्वांडो प्रतियोगिता जीत ली है। शेखपुरा में संपन्न चैंपियनशीप में बेगूसराय के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण दो रजत और दो कांस्य पदक जीते। पूर्वी चंपारण दूसरे, गोपालगंज तीसरे और मेजवान शेखपुरा चौथे स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर कई खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय विद्यालय ताईक्वांडों प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले में मेडिकल जाँच के लिए ले जाए जा रहे चोरी के दो आरोपी हथकड़ी सरका कर फरार हो गए। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा अनुमंडल अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

———————————————————————

कैमूर जिले के विभिन्न स्थानों पर डूबने की घटना में एक किशोर समेत तीन लोगो की मौत हो गई।

---

01. एनडीए गठबंधन के पाँच दलों की बैठक आज पटना में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हर स्तर पर एकजुटता पर दिया जोर।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये राष्ट्रीय रोजगार मेला के तहत इक्यावन हजार से अधिक नव नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. छठ पर्व को लेकर यात्रियों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए दानापुर रेल मंडल ने पटना, राजेन्द्रनगर सहित कई स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया।

04. और, चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जाँच की गई। कुल चौवालीस नामांकन पत्र वैध पाए गए।

---

समाप्त